कार्यालय, कार्यपालक सचिव
अ०.आ०.ज०.वि०.स०, पोर्ट ब्लेयर
फाईल सं. : 11-6/GEN/AAJVS-TW/02-03

## निविदा सूचना

इस कार्यालय में 2004-2005 सत्र के लिये जरावा क्षेत्र आर.के. नाला एवं मिडिल स्ट्रेट मे नारियल तथा केला(कच्चा) आपूर्ती हेतू मोहरबन्द निविदा आमंत्रित किया जाता हैं ।

निविदा फार्म इस कार्यालय के लेखाकार के पास उपलब्ध हैं इसे प्राप्त करने का विवरण इस प्रकार हैं ।

१. निविदा फार्म देने के तिथि 20.03.04 से 15.04.04
२. निविदा फार्म जमा करने कि तिथि 15.04.04 साय 3.30 बजे ।
३. निविदा खोलने की तिथि 15.04.04 सांय 4 बजे

DIPT/219/04

कार्यापालक सचिव

स.सी.ओ / डी.बी. /सी.डी–1/2003-2004/479
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
निर्माण मंडल – I
अंडमान लोक निर्माण विभाग

## टेंडर सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यपालक अभियंता, निर्माण मंडस-1, अं.लो.नि.विभाग रंगत उचित श्रेणी के वास्तविक एवं अनुभवी उत्पादकों/ सप्लाईयरों से मोहरबंद टेंडर आमत्रित किये जाते हैं।

| क्रम संख्या | वस्तु का विवरण | मात्रा | मूल्य | राशि |
|---|---|---|---|---|
| १ | रंगत स्थित अण्डमान लोक निर्माण विभाग केभण्डार को भारतीयमानक 8112 के 43 कोटी से साधरण पोर्टलैड सीमेंट की आपूर्ति। | | 1500 बैगस | प्रति बैंग |

कोटेशन 23.03.2004 के शाम 3.00 बजे तक स्वीकार किया जाएगा और उसी दिन शाम 3.30 बजे अघोहस्ताक्षरी के उपस्थिति में खोला जाएगा।

सीमेंट के सप्लाई 50 कि.ग्राम प्रति बस्ता, जिस पर उत्पादक का नाम व आई.एस.आई का चिन्ह मुद्रित होना चाहिए ।

सीमेंट की सप्लाई आदेश जारी होने के दस दिनों के अन्दर हो जानी चाहिए।

कार्यपालक अभियता, निर्माण मण्डल – I, अण्डमान लोक निर्माण विभाग, रंगत को यह अधिकार होगा कि किसी भी कोटेशन को बिना कारण बताए स्वीकृत व अस्वीकृत किया जा सकता हैं।

DIPT/228/04

कार्यपालक अभियंता
निर्माण मण्डल – I
अण्डमान लोक निर्माण विभाग, रंगत

## राजकीय निदर्शन विद्यालय मे केजी कक्षाओं की मंजूरी

पोर्ट ब्लेयर(स० आ०)

अंडमान निकोबार प्रशासन ने शिक्षा सत्र २००४-२००५ के दौरान यहां के मीडिल प्वाइंट स्थित राजकीय निदर्शन बहुद्देशीय विद्यालय के प्राथमिक स्कन्ध में केजी कक्षाएं शुरु करने की मंजूरी दे दी है . इसका मुख्य उद्देश्य शुरूआती उम्र में ही बच्चों को प्रोत्साहन देना और उनका ज्ञानवर्द्धन करना हैं । इसके अलावा प्राथमिक शिक्षा के मूल आधार को तैयार करने के उद्देश्य से युवा बच्चों में सृजनात्मकता को बढ़ावा देना है, तकि बच्चे बीच में ही पढ़ाई न छोड़े और अपना जीवन बर्बाद न करें युवा विद्यार्थियों में शुरु से ही सीखने की आदत रहती है और बच्चों के सर्वागीण विकास में पूर्व विद्यालय शिक्षा एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया हैं । इस प्रक्रिया के माध्यम से बच्चों में शुरु से ही शारीरिक , सामाजिक , भावनात्मक तथा मानसिक जरूरतों को सुदृढ़ किया जा सकेगा ।

यह योजना आर्थिक रुप से पिछड़े अभिभावकों के लिए शुरू की गई है, जो अपने बच्चों को निजी शिक्षा संस्थानों में नही भेज सकते । २२ अप्रैल ॉ, २००४ से ये कक्षाएं शुरु करने की सभी व्यवस्थाएं की गई है और इन बच्चों को सार्थक शिक्षा प्रदान की जाएगी ।

इस सिलसिले में इच्छुक अभिभावक २५ मार्च से २ अप्रैल , २००४ से बीच सभी कार्य दिवसों की कार्यावधि के दौरान निदर्शन विद्यालय के प्राथमिक स्कन्ध के प्रधानाध्यापक के पास अपने बच्चे का नाम दर्ज करवा सकते है । नाम दर्ज करवाने के लिए बच्चे के जन्म प्रमाणपत्र की प्रति आवश्यक होगी। ३१ मार्च २००४ तक ४ वर्ष की उम्र पूरा कर चुके बच्चे इस कक्षा में प्रवेश के लिए पात्र होगे। कक्षाएं २२ अप्रैल, २००४ से शुरू होगीं।

## प्रतिनिधिमंडल मुख्य सचिव से मिला

पोर्ट ब्लेयर (स० आ०)

एनजीओ एसोशिएशन, एसी काडर एम्प्लोएज एसोसिएशन तथा वूमन गर्वमेंट एम्प्लोएज एसोसिएशन की संयुक्त कार्य समिति का प्रतिनिधिमंडल कल मुख्य सचिव श्री वी.वी. भट्ट से मिलकर सेवा संबंधी विभिन्न मसलों पर विचार विमर्श किया और कई मांगों को निपटाने का भी आग्रह किया।

मुख्य सचिव ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि सभी मामलों को भारत सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा !